सफलता की कहानी (उद्यान स्थापना)

श्री अमरपाल सिंह एवं श्री अमरजीत सिंह कुमटिया की 20 एकड़ भूमि में वर्ष 2003 में 8 एकड़ एवं 2004-05 में 12 एकड़ कुल 20 एकड़ क्षेत्र में आम, अमरूद, सपोटा, कटहल का स्थापित किया गया। 5 एकड़ क्षेत्र में उद्यान तकनीकी मिशन के अन्तर्गत एवं 15 एकड़ में कृषक के व्यय पर उद्यान विभाग के मार्गदर्शन में उक्त उद्यान स्थापित किया गया है। उद्यान में खुदान आदि कार्य हेतु कृषक को अनुदान पर एक पावर टिलर, दो मारूति मशीन, दो नेपसेक मशीनें भी दवा के छिड़काव करने हेतु अनुदान पर उपलब्ध कराई गई।

उक्त उद्यान में अमरूद, आम फलत में आ गया है। कटहल, सपोटा, आम की बढ़वार बहुत अच्छी है,उद्यान का निरीक्षण कृषि मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक,जिलाधिकारी,नैनीताल, मुख्य विकास अधिकारी,नैनीताल एवं माननीय उद्यान मंत्री जी, उत्तरांचल द्वारा किया गया है। वर्तमान में 20 एकड़ उद्यान फलदार पौधो की स्थिति बहुत अच्छी है। कृषक इन्टरक्राप के रूप में मटर, लहसुन, प्याज की फसल भी पैदा कर रहे हैं। इन नकदी फसलों से धान, गेहूँ की पैदावार की तुलना में कृषकों को अधिक लाभ हो रहा है। औद्यानिक कार्यकलापों हेतु कृषक को रू0 45000/- की राज सहायता पर एक पावर टिलर उपलब्ध कराये जाने से उद्यान में छोटे-छोटे कार्य टिलर से आसानी से सम्पन्न हो रहे है जिससे अन्य जगह से किराये पर टैक्टर लाने से होने वाले व्यय पर कमी आई है। उद्यान के चारो ओर करौंदा का रोपण बाढ के रूप में किया गया है, जिससे निकट भविष्य में जानवरों से नुकसान होने से बचत होगी एवं अचार के लिये करौंदा के फल भी आसानी से उपलब्ध होगें। कुल मिलाकर 20 एकड़ क्षेत्र में 2900 फल पौधा वैज्ञानिक विधि से रोपण कराकर कृषक का बाग एक आदर्श उद्यान बन गया है, जिसे देखने एवं मार्गदर्शन लेने अन्य उद्यान लगाने के इच्छुक व्यक्ति उद्यान का भ्रमण कर रहे हैं।

श्री अमरपाल सिंह एवं अमरजीत सिंह का लहलहाता उद्यान